पेज थ्री देहरादून

देहरादून, रविवार, 7 नवंबर 2021



सार्वजनिक छठ पूजा की जानकारी देते हुए समिति के कार्यकारी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में धूमधाम से मनाया गया भाई दूज

**संवाददाता** देहरादून। भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक भाई दूज शनिवार को मनाया गया। भाई के माथे पर तिलक कर बहन उज्ज्वल भविष्य, खुशहाली, दीर्घायु, सुख समृद्धि की कामना की। इस बार तिलक का मुहूर्त दोपहर के एक बजकर 10 मिनट से लेकर तीन बजकर 21 बजे तक था। भैया दूज को लेकर शुक्रवार देर शाम तक बाजार में खरीदारों की भीड़ रही। दुकानों में बहनें ड्राय फ्रूट, मिठाई, गोले आदि की खूब खरीदारी करतीं दिखीं। वहीं, भाइयों ने भी बहनों के लिए गिफ्ट खरीदे। हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज अथवा यम द्वितीया के रूप में मनाया जाता है।

### उत्तराखंड में आए कोरोना के 12 नए मामले, नौ मरीज हुए स्वस्थ्य

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण के आज शनिवार को 12 नए मामले मिले हैं। जबकि नौ मरीज स्वस्थ्य भी हुए हैं। कोरोना संक्रमित किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में फिलवक्त कोरोना के 146 सक्रिय मामले हैं। देहरादून जनपद में सबसे ज्यादा 104 सक्रिय मामले हैं। जबकि आठ जिलों में सक्रिय मामले 10 से कम हैं।

### स्लाट बुक होने पर भी कई व्यक्तियों को लौटना पड़ा बैरंग

**संवाददाता** देहरादून। दून निवासी सोनिका दीक्षित ने पुलिस लाइन के सेंटर को कैवैक्सीन के लिए दोपहर बाद तीन से शाम पांच बजे का स्ध्लाट बुक कराया था। वह तीन बजे सेंटर में पहुंच गई थी। तब वहां सिर्फ दो व्यक्ति कोवैक्सीन लगाने के लिए पहुंचे थे। जिस पर संबंधित कार्मिकों ने यह कहकर इंतजार करने को कहा कि नौ–दस व्यक्तियों के आने पर वैक्सीन लगा जाएगी। कुछ देर बाद रीता, श्वेता, रवि नाम के व्यक्ति भी कैवैक्सीन के लिए पहुंचे। लेकिन सेंटर कार्मिकों ने सलाह दी कि सभी व्यक्ति दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वैक्सीन लगा सकते हैं। लिहाजा, सभी को बैरंग लौटना पड़ गया।

### ट्रंच वियर शुरू न होने पर केंद्रीय राज्य मंत्री नाराज

**संवाददाता** देहरादून। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने चोरगलिया क्षेत्र में मछली वन के पास लंबे समय से बन रहे ट्रंच वियर के शुरू नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सिचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुये एक माह के भीतर ट्रंच वियर शुरू कर दिया जाए। मंत्री ने सचिव सिचाई से दूरभाष पर वार्ता भी की। शनिवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि ट्रंच वियर का काम पूरा न होने के कारण दर्जनों गांव के लोगों को सिंचाई व्यवस्था से वंचित होना पड़ रहा है।

# यह मिलन हमारी संस्कृति का सबको मिलाने का एक रूप

**मुलाकात**

■ सीएम ने जैनाचार्य, राष्ट्रसंत, विश्वरत्न सागर सूर्य जी महाराज से शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जैन मन्दिर में जैनाचार्य, राष्ट्रसंत, विश्वरत्न सागर सूर्य जी महाराज से शिष्टाचार भेंट की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत दिवस यहां श्वेताम्बर व दिगम्बर दोनों समुदाय के लोगों का जो मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ काफी अच्छी बात है। यह मिलन हमारी संस्कृति का सबको मिलाने का एक रूप है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण ने भी सबको मिलाने का कार्य किया था, आज जैनाचार्य भी सबको मिलाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए और अच्छा किस प्रकार से कार्य कर सकते हैं, इस संबंध में जैनाचार्य सागर सूर्य



जी महाराज का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन मिला है।

मुख्यमंत्री ने जैनाचार्य राष्ट्र संत विश्व रत्न सागर सूर्य जी महाराज से कहा कि मेरा यहां आना एक संयोग है, कल ही आपकी साधना पूरी हुई और आज अचानक आपके दर्शन का अवसर प्राप्त हो गया। मुख्यमंत्री ने जैनाचार्य सागर सूर्य जी महाराज से विगत दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केदारनाथ यात्रा के सम्बन्ध में भी विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर जैनाचार्य राष्ट्र संत विश्व रत्न सागर सूर्य जी महाराज ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह कल तक 17 दिनों की मौन साधना में लीन थे, जो जैन धर्म की सबसे कठिन साधना है। उन्होंने इस मौके पर अपने गुरूजी गौतम स्वामी, जो सूर्य के स्वामी माने जाते हैं, के बारे में विस्तृत जानकारी



से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

इससे पूर्व जैन मन्दिर परिसर पहुंचने पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा जैन मन्दिर के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इसके पश्चात् मुख्यमत्री कनखल स्थित जगत गुरू आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने जगतगुरू राजराजेश्वराश्रम से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, जिलाधिकारी हरिद्वार विनय शंकर पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डॉ0 योगेन्द्र सिंह रावत, एसपी सिटी श्रीमती कमलेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### त्रिवेणी घाट पर भव्य होगा छठ पूजा महोत्सव

ऋषिकेश। विविध संस्कृतियों के केंद्र तीर्थनगरी ऋषिकेश में पूर्वांचल समाज का महापर्व छठ पूजा महोत्सव गंगा तट पर आस्थापूर्वक मनाया जाता है। इस बार सार्वजनिक छठ पूजा समिति के बैनर तले त्रिवेणी घाट पर छठ पूजन तथा सांस्कृतिक संपन्न कराए जाएंगे। शनिवार को सार्वजनिक छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राजपाल ठाकुर, महामंत्री दीनदयाल राजभर तथा कार्यक्रम संयोजक शंभू पासवान ने पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रमों की जानकारी दी। राजपाल ठाकुर ने बताया कि पिछले कई वर्षों से त्रिवेणी घाट पर भव्य रूप से छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूर्वांचल और बिहार के 50 हजार से अधिक श्रद्धालु छठी माता की पूजा अर्चना करते रहे है। इस वर्ष समिति की ओर से त्रिवेणी घाट पर भव्य कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, महापौर अनीता ममगाईं सहित अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

# लाइन लॉस का खामियाजा भुगत रहा उपभोक्ता !

**आग्रह**

■ मोर्चा की मांग पर सरकार करेगी लाइन लॉस कमः मोर्चा

■प्रतिवर्ष 160–170 करोड़ यूनिट्स चली जाती है लाइन लॉस में !

**संवाददाता**

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही/मिलीभगत की वजह से लाइन लॉसेस एवं एटी एंड सी हानियों के चलते प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को महंगे दामों पर बिजली मुहैया कराई जाती



है एवं इसके साथ साथ सरकार आपूर्ति करने हेतु महंगे दामों पर अन्य प्रदेशों से बिजली खरीदी जाती है, जिस कारण इसका खामियाजा अंततरू जनता को ही चुकाना पड़ता है।

नेगी ने कहा कि 'मोर्चा द्वारा वितरण हानियां एवं एटी एंड सी हानियां कम करने हेतु शासन से आग्रह किया गया था, जिसके क्रम में शासन ने एमडी, यूपीसीएल को निर्देश दिए एवं अनुपालन में यूपीसीएल ने मुख्य अभियंता गढ़वाल,कुमाऊँ, हरिद्वार इत्यादि को कार्यवाही के निर्देश दिए। नेगी ने कहा कहा कि वर्ष 2019–20 में सरकार द्वारा 14139.31 मिलियन यूनिट्स खरीदी गई एवं उसके सापेक्ष 12538.65 मिलियन यूनिट्स बेची गई, इस प्रकार 1600. 66 मिलियन यूनिट्स यानी 160 करोड़ यूनिट्स लाइन लॉस में चली गई।

इसी प्रकार वर्ष 2018–19 में 14083.69 मिलियन यूनिट्स खरीद के सापेक्ष 12295.20 मिलियन यूनिट्स बेची गई, इस प्रकार 1788. 49 मिलियन यूनिट्स लाइन लॉस में चली गई। इस लाइन लॉस की चलते सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 600–700 करोड़ की चपत लग रही है। इसके अतिरिक्त वितरण एवं ए टी एंड सी हानियां 30– 35 फीसदी हैं। मोर्चा को उम्मीद है कि इससे प्रदेश के उपभोक्ताओं को काफी हद तक राहत मिल सकेगी। पत्रकार वार्ता में– विजय राम शर्मा व दिलबाग सिंह मौजूद थे।

### रेड राट की चपेट में गन्ने की फसल, किसान परेशान

**संवाददाता** डोईवाला। गन्ना किसानों की मुश्किलें भी कम होती नजर नहीं आ रही है। पहले बेमौसमी बारिश और आंधी से गन्ने की फसल गिर गई, अब गन्ने की फसल में लग रही नई बीमारी ने गन्ना किसानों को मुश्किल में डाल दिया है।

डोईवाला क्षेत्र में बोई जाने वाली मुख्य फसल गन्ने में अब रेड राट यानी लाल सड़न रोग लग गया है। जिसमें शुरुआत में गन्ने की पत्तियां सूखने लगती हैं। और बाद में गन्ने पर भी इस बीमारी का असर होता है और फसल सूखी हुई नजर आती है। गन्ने की फसल इस रोग से बर्बाद न हो जाए इसकी चिंता किसानों को सताने लगी है। सिमलास ग्रांट के किसान उमेद बोरा ने बताया कि यह नई प्रकार की बीमारी इस बार देखी जा रही है। जिससे किसान काफी चिंतित है उसे अपनी फसल बर्बाद होने का डर सता रहा है। यदि जल्द ही इस बीमारी का समाधान न किया गया तो किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।